ई–मेल

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(मा0), उत्तर प्रदेश,
शिक्षा सामान्य(2) अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः सामान्य(2)/ 2988–3087 /2024–25 दिनाँक– 26 दिसम्बर, 2024

विषयः–उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा आयोजित 57वाँ राज्य सम्मेलन के अवसर पर विशेष अवकाश स्वीकृत करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महामंत्री, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का 57वाँ राज्य सम्मेलन दिनांक 07, 08 एवं 09 जनवरी, 2025 को आगरा स्थित मुफीद–ए–आम इंटर कालेज, मोतीलाल नेहरू रोड, निकट डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (आगरा विश्वविद्यालय) आगरा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है एवं उक्त हेतु दिनांक 07, 08 एवं 09 जनवरी, 2025 को विशेष अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध भी किया गया है।

अतः राज्य सम्मेलन दिनांक 07, 08 एवं 09 जनवरी, 2025 में प्रतिभाग करने वाले शिक्षक को उक्त तिथियों में नियमानुसार देय विशेष अवकाश स्वीकृत करते हुये यह भी सुनिश्चित करें कि विशेष अवकाश उपभोग करने वाले शिक्षक इस आशय का प्रमाण–पत्र संबंधित प्रधान के समक्ष प्रस्तुत करेंगे, कि वह सम्मेलन में विधिवत प्रतिभाग किये हैं।

उपरोक्त के संबंध में अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित करायें।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी)
अपर शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)
उत्तर प्रदेश।

पृष्ठांकन सं0ःसामान्य(2)/ 2988–3087 /2024–25 तददिनाँक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
2– वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक(माध्यमिक), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
3– श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, महामंत्री, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, उ0प्र0।

26.XII.24

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी)
अपर शिक्षा निदेशक(माध्यमिक)
उत्तर प्रदेश।